हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### रावणभाठा बीटीआई सहित अन्य कार्यक्रम स्थलों पर भी तैनात रहेंगे पुलिस कर्मी

डब्ल्यूआरएस कालोनी मैदान के अलावा बड़े स्तर पर रावण दहन कार्यक्रम रावणभाठा मैदान भाठागांव, बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर, सप्रे स्कूल मैदान, चौबे कालोनी, हरदेवलाला मंदिर टिकरापारा, छत्तीसगढ़ नगर में भी आयोजित किया जाता है। इन जगहों पर भी पुलिस कर्मियों सहित ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

# रावण दहन, पार्किंग तय, 400 पुलिस जवान रहेंगे तैनात, ड्रोन से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विजयादशमी के अवसर पर डब्ल्यूआरएस कालोनी, रावणभाठा मैदान भाठागांव सहित कई जगहों पर भव्य रूप से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शहर में होने वाले इन कार्यक्रमों में पहुंचने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों सहित पुलिस एवं ट्रैफिक जवानों की ड्यूटी लगाई है। इसमें करीब 400 पुलिस कर्मी एवं 200 ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे। अधिकारियों में टीआई, सीएसपी सहित राजपत्रित अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। एएसपी लखन पटले ने बताया कि डब्ल्यूआरएस कालोनी मैदान में शहर का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव कार्यक्रम मनाया जाता है।



**पार्किंग स्थल तय**

- ट्रैफिक पुलिस ने रावण दहन कार्यक्रम स्थलों पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन से जाने वाली गाड़ियों की पार्किंग के लिए स्थान तय किए हैं। इसके तहत डब्ल्यूआरएस कालोनी मैदान में फाफाडीह की तरफ से आने वाले दर्शकों के लिए खमतराई ओवरब्रिज के नीचे से होकर डब्ल्यूआरएस कालोनी जा सकते हैं, जो अपने वाहन को डब्ल्यूआरएस कालोनी के अंदर की गलियों में एवं केंद्रीय विद्यालय के बगल मैदान में अपना वाहन पार्क कर यहां से पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश कर सकेंगे। इसी प्रकार खमतराई, उरकुरा की ओर से आने वाले दर्शक अपने वाहन रेलवे क्रासिंग के पास पार्क करेंगे।
- रावण भाठा मैदान में दशहरा उत्सव देखने आने वाले दर्शक अपने वाहन को रिंग-रोड नं. 01 में बस स्टैंड प्रवेश मार्ग में एक किनारे पार्क करेंगे। नेहरू नगर की ओर से आने वाले दर्शक अपना वाहन ▶▶| शेष पेज 6 पर

## महानवमी से शुरू हो गया मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला, पहले दिन 1 छोटी, 15 बड़ी दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित






महादेवघाट के विसर्जन कुंड में महानवमी तिथि से ही इस बार आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाओं के श्रद्धापूर्वक विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार सुबह से लेकर शाम तक विसर्जन कुंड में मां दुर्गा की एक छोटी और 15 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन स्थल पर मौजूद जोन 8 की टीम ने व्यवस्था संभालते हुए क्रेन की मदद से विसर्जन कुंड में सम्मान के साथ विसर्जन की व्यवस्था दी।

### 7 क्रेन, 90 गोताखोर की व्यवस्था

महादेवघाट के पास स्थित विसर्जन कुंड स्थल सहित आसपास के इलाके पर नजर रखने नगर निगम ने आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। ▶▶| शेष पेज 6 पर


# टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर द्वारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सैंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.


## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बेचते होटल संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने 30 सितंबर को उरला क्षेत्र के होटल निषाद में छापा मारकर अवैध रूप से शराब बेचते एक होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उरला इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित निषाद होटल में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने होटल में दबिश देकर उसके संचालक लोकेश निषाद के कब्जे से जम्मू ब्रांड की 53 पाव विदेशी शराब बरामद की। यह कार्रवाई वृत प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर पैकरा के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक जिला अधिकारी जेबा खान, उप निरीक्षक कौशल सोनी, आरक्षक रविंद्र देवांगन शामिल रहे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं तेलीबांधा पुलिस ने संयुक्त रूप से एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक उर्फ बब्बू बबलानी 28 वर्ष निवासी महावीर नगर के विरुद्ध थाने में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। इस प्रकरण में वह फरार था। कोर्ट ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद से लगातार उसकी पतासाजी की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया।

### वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। खरोरा पुलिस ने एक वाहन चोरी की रिपोर्ट पर आरोपी महेश उर्फ गोलू 32 वर्ष निवासी भैसमुड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा होंडा जब्त की है। महेश ने यह स्कूटी को ग्राम कोसरंगी से चुराई थी। पुलिस ने उसे चोरी के मामले में कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

## मोक्षित कार्पोरेशन ने की थी 768 स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड सेल काउंटर मशीनों की सप्लाई

# हेल्थ में अरबों के घोटाले में फंसी 38 करोड़ की मशीनों से छंटेगी धूल, तलाश नई एजेंसी की

- घोटाला खुलने के बाद से बंद हैं ज्यादातर मशीनें, सीजीएमएससी उपयोग की कवायद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

स्वास्थ्य विभाग, सीजीएमएससी और मोक्षित कार्पोरेशन के संगठित अरबों के घोटाले का हिस्सा बनी सीबीसी मशीनों का पुनः उपयोग करने की तैयारी की जा रही है। 768 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए ऊंचे दामों पर खरीदी गई ज्यादातर ब्लड सेल काउंटर मशीनें घोटाला खुलने के बाद से बंद पड़ी हुई हैं।

इसके माध्यम से जांच शुरू करने और मशीनों के रखरखाव के लिए सीजीएमएससी नई एजेंसी तय करने की कवायद कर रहा है। दवा निगम द्वारा सीबीसी मशीन के रीएजेंट सहित अन्य कंज्यूमेबल की खरीदी के लिए टेंडर भी जारी किया है। दवा निगम द्वारा कुछ महीने पहले भी इस तरह कोशिश की गई थी, मगर बाद में टेंडर की प्रक्रिया को रोक दी गई थी। मंगलवार 30 सितंबर को पुनः इस प्रक्रिया की शुरुआत की गई है। इसमें 6 अक्टूबर से ऑनलाइन बिड की शुरुआत होगी और निविदा में शामिल होने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तय की गई है। मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में ▶▶| शेष पेज 6 पर


अंततः, मोक्षित कार्पोरेशन ब्लैक लिस्टेड, दवा निगम ने माना 789 उपकरण बिगड़े, 215 इंस्टाल ही नहीं

### दूसरे विकल्पों से जांच

मोक्षित कार्पोरेशन का मोह खत्म होने के बाद मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते दूसरी कंपनियों की मशीनों की मदद से विभिन्न तरह की जांच की सुविधा दी जाती रही है। इस दौरान कई बार मरीजों को निराश भी होना पड़ता है। दवा निगम के अफसर नयी एजेंसियों की मदद से इन करोड़ों की मशीन के उपयोग की संभावना तलाश रहे हैं, क्योंकि इन सीबीसी मशीनों की सप्लाई करने वाली कंपनी के संचालक अभी जेल में बंद हैं।

### डेमोस्ट्रेशन में पता चलेगा

खरीदी गई पुरानी सीबीसी मशीनों का उपयोग की कोशिश की जा रही है। टेंडर में शामिल होने वाली एजेंसियों के डेमोस्ट्रेशन में पता चलेगा कि मशीनें काम के लायक हैं अथवा नहीं।

**- रीतेश अग्रवाल**
एमडी, सीजीएमएसस

### मोक्षित का रीएजेंट भुगतान रुकने पर मशीन लॉक

सूत्रों के अनुसार मोक्षित कार्पोरेशन ने विभागीय अफसरों की मिलीभगत के जरिये अपनी सीबीसी मशीन की सप्लाई की थी। इस दौरान मशीन को ऐसा सेट किया गया था कि उसमें मोक्षित के रीएजेंट तथा अन्य केमिकल का उपयोग हो सके। इसके बाद रीएजेंट और अन्य कंज्यूमेबल आयटम को ऊंचे दामों पर बेचा गया था। घोटाले की चर्चा होने के बाद कंपनी ने बड़ा भुगतान रोक दिया, तो संबंधित इंजीनियरों ने कई सीबीसी मशीनों को ऐसा लॉक किया, जिसे खोलने की कई कोशिशें बेकार हो गईं।

# शराब घोटाले में फंसे आबकारी अधिकारियों से अब ईडी करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में फंसे आबकारी विभाग के 30 अधिकारियों से केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) पूछताछ करेगी। इसके लिए धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत नोटिस जारी कर ईडी ने सभी को तलब किया गया है। हालांकि सूत्रों के अनुसार इस नोटिस के बाद अभी तक कोई अधिकारी ईडी के दफ्तर में पेश नहीं हुआ है। शराब घोटाला में एक अतिरिक्त आयुक्त, पांच उपायुक्त, 14 सहायक आयुक्त, जिनमें तीन सेवानिवृत्त हो चुके हैं, सात जिला ▶▶| शेष पेज 6 पर



### चौथे पूरक आरोप पत्र में आबकारी अधिकारियों के नाम शामिल

रायपुर की एक विशेष अदालत में ईओडब्ल्यू द्वारा दायर किए गए चौथे पूरक आरोप पत्र में इन सभी आबकारी अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिनमें सात सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सूची में शामिल अधिकारियों में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त आशीष श्रीवास्तव, पांच उपायुक्त अनिमेष नेताम, विजय सेन शर्मा, अरविंद कुमार पटले, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 3200 करोड़ का घोटाला

शराब घोटाला की शुरुआती जांच में 2161 करोड़ रुपये घोटाले का अनुमान लगाया गया था, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही थी, घोटाला की रकम भी बढ़कर अब 3200 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। ईओडब्लू की जांच के अनुसार पार्ट-ए में 319.32 करोड़ रुपये, पार्ट-बीएटी में 2174.67 करोड़ रुपये और पार्ट-सी में 70 करोड़ रुपये की राशि शामिल है जो कुल मिलाकर 2563 करोड़ रुपये होती है, जबकि ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच इन आंकड़ों को व्यापक अनुमान के दायरे में रखती है।

## मौसम समाप्त पर बरसात जारी, रात में झमाझम दिन में खंडवर्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का मौसम समाप्त हो चुका है, मगर प्रदेश में बरसात का दौर जारी है। मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। दिन में शहर में खंडवर्षा का दौर चलता रहा और गुरुवार विजयादशमी के दिन भी हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। पोस्ट मानसून गतिविधि के पहले दिन रायपुर जिले में 20 और प्रदेश में 4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग 1 अक्टूबर से होने वाली बारिश का आंकड़ा पोस्ट मानसून की गतिविधि में दर्ज कर रहा है। विभागीय कामकाज में बारिश का मौसम भले ही खत्म हो गया है, मगर मानसून की गतिविधि अभी थमी नहीं है। बंगाल की खाड़ी में अभी भी हलचल हो रही है और वातावरण में मौजूद नमी बारिश करा रही है। पिछले चौबीस घंटे में दक्षिण और मध्य हिस्से में मानसून की सक्रियता बनी रही। इस दौरान कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई।

- विजयादशमी आज, हो सकती है बारिश

## जेल से निकलते ही सूने मकान को बनाया निशाना, लाखों की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर इलाके के एक सूने मकान में लाखों रुपए की हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें बालिग आरोपी हत्या के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है। जेल से बाहर निकलते ही उसने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने व चांदी के बिस्किट, जेवरात, सिक्के, चांदी की मूर्ति, नकदी रकम सहित करीब साढ़े 12 लाख रुपए बरामद किया है। देवेंद्रनगर थाना प्रभारी ने चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए बताया कि 18 से 22 सितंबर के दौरान देवेंद्रनगर निवासी हरीश मोटवानी के सेक्टर-1 एचआईजी देवेंद्र नगर स्थित सूने मकान में चोरी हुई थी।



- नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

## सचिव बोली- नियम और कानून में ढील बर्दाश्त नहीं

# 21 से कम आयु के युवाओं को बार में प्रवेश दिया तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी आयुक्त सह सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी), आर. शंगीता ने बार एवं होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और संचालकों की बैठक लेकर आबकारी नियम, निर्देशों के विपरीत बार संचालन न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा, हर हाल में रात बारह बजे के भीतर बार का संचालन बंद हो जाना चाहिए एवं रात्रि 11:30 के बाद नये ग्राहकों को बार में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने बैठक में 10 दिन के भीतर बार और होटल में कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 21 वर्ष से कम उम्र वाले युवाओं को बार में प्रवेश नहीं देने की भी चेतावनी दी। इसी प्रकार पूर्व से ही नशे की हालत में पाये गये व्यक्तियों को बार में प्रवेश नहीं देने बाबत निर्देशित किया गया। सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) ने कहा, बार व होटल संचालक यह जान लें कि बार संचालन में पाई गई त्रुटियों के लिए कर्मचारियों की गलती बताकर नहीं बच सकते। ▶▶| शेष पेज 6 पर

- होटल एवं बार में कार्यरत कर्मचारियों का 10 दिन में पुलिस वेरीफिकेशन कराएं



### सीसीटीवी में एक माह बैकअप एवं नाइट विजन कैमरा लगाएं

उन्होंने कहा, नियम व शर्तों के साथ बार व होटल संचालन के दौरान यदि अनावश्यक रूप से कोई अधिकारी परेशान करता है, तो ऐसे अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए विभाग तत्पर रहेगा। इस संबंध में बार संचालकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यदि बार संचालकों को कोई भी परेशानी हो, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। नियमानुसार हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार बारों में नियमानुसार एफएल 5, एफएल 5 क प्रासंगिक अनुज्ञप्ति लेकर ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जावें, इस संबंध में पुलिस ▶▶| शेष पेज 6 पर






# विजयादशमी

## की हार्दिक शुभकामनाएं...

**अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय**
**बुरे पर अच्छे की जय ज़यकार, यही है दशहरे का त्यौहार**




भारत की संस्कृति और परंपराएं विविधताओं से भरी हुई हैं। यहां प्रत्येक पर्व अपने भीतर गहरा संदेश और जीवन को सही दिशा देने वाला दृष्टिकोण समेटे हुए है। इन्हीं पावन पर्वों में से एक है दशहरा। इसे विजयादशमी भी कहा जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है—"दसवें दिन विजय प्राप्त करना।" यह पर्व अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है और यह नवरात्रि के समापन का प्रतीक भी है। दशहरा हमें यह संदेश देता है कि चाहे असत्य कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

**रामायण से जुड़ा महत्वः-** दशहरे का सबसे प्रमुख धार्मिक और पौराणिक महत्व भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की थी। रावण विद्वान, शक्तिशाली और दस सिरों वाला महान पराक्रमी था, परंतु उसके अहंकार और अधर्म ने उसे पतन की ओर धकेल दिया। राम ने न केवल लंका पर विजय प्राप्त की बल्कि यह संदेश भी दिया कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा, धर्म की रक्षा के लिए कोई न कोई अवतार अवश्य आएगा। यही कारण है कि इस पर्व को सत्य की विजय का पर्व कहा जाता है।

**महिषासुर मर्दिनी की गाथाः-** दशहरा पर्व का एक और महत्व माता दुर्गा की विजय गाथा से भी जुड़ा है। पौराणिक कथा के अनुसार महिषासुर नामक राक्षस ने अत्याचार बढ़ाकर देवताओं और मानवों को कष्ट में डाल दिया था। तब माता दुर्गा ने नौ रातों तक युद्ध कर दशमी तिथि को उसका वध किया और संसार को भय से मुक्त किया। इसीलिए दशहरा को शक्ति की पूजा और नारी शक्ति के सम्मान का पर्व भी कहा जाता है।

**विजयादशमी का सांस्कृतिक रूपः-** भारत के अलग-अलग राज्यों में दशहरे का उत्सव भिन्न-भिन्न रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में जगह-जगह रामलीला का मंचन होता है और दशहरे के दिन विशाल मैदानों में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले दहन किए जाते हैं। इन पुतलों के जलने के साथ ही लोग बुराई के नाश और अच्छाई की जीत का उत्सव मनाते हैं।

महाराष्ट्र और गुजरात में इस दिन शमी वृक्ष की पूजा कर एक-दूसरे को पत्तियां बांटने की परंपरा है, जिसे स्वर्ण प्रतीक माना जाता है। दक्षिण भारत में दशहरा को गोलू परंपरा के साथ मनाया जाता है, जहां घरों में देवी-देवताओं की मूर्तियां सजाई जाती हैं। मैसूर (कर्नाटक) का दशहरा विश्व प्रसिद्ध है, जहां भव्य जुलूस, सजाए हुए हाथी और रोशनी से जगमगाता महल आकर्षण का केंद्र होता है।

**सामाजिक और नैतिक संदेशः-** दशहरा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक शिक्षा भी देता है। यह हमें सिखाता है कि अहंकार, क्रोध, लालच, लोभ और ईर्ष्या जैसे दोष अंततः विनाश का कारण बनते हैं। आज के युग में जब समाज कई तरह की समस्याओं जैसे भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और नशाखोरी से जूझ रहा है, तब दशहरा हमें यह याद दिलाता है कि इन बुराइयों को खत्म कर ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।




























## पारंपरिक गीतों की रिदम और डीजे बीट्स पर गरबा

ढोलिडा ढोल रे वागाड़, मारे हिंच लेवी छे..लाल लाल पगडिये..ढोली तारो ढोल बाजे..गरबा नाइट में लोकप्रिय गरबा गीतों की धूम रही। इस दौरान पैरेंट्स अपने नन्हे बच्चों के साथ गरबा खेलते दिखे। जहां गरबे के उत्साह के बीच माता-पिता बच्चों को गोद में बैठाकर झूमते दिखे। यादगार गरबा नाइट्स के अंतिम दिन देर रात तक गरबा बीट्स पर प्रतिभागियों के कदम थिरकते रहे। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस रास गरबा कार्यक्रम ने गरबा प्रेमियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता को भी बखूबी समर्पित एक यादगार आयोजन के रूप में अपनी पहचान बनाई। यह आयोजन नवरात्रि पर्व को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से और भी समृद्ध बनाने में सहायक साबित हुआ।





## रास गरबा की शाम विजेताओं का सम्मान

रास गरबा के अंतिम दिन पी दयानंद ने जहां प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया वहीं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब स्टेज पर थिरकते हुए नजर आए। नवरात्रि की शुभकामना देते हुए गरबा के रंगीन आयोजन में हिस्सा लिया और कहा कि पारंपरिक गरबा गीतों पर उत्सव मनाने की परंपरा निभाई जा रही है। पुरस्कार समारोह में विजेताओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

# अम्बे को रिझाने सजाए गए मंडप में गरबा प्रेमियों ने कदम ताल मिलाते हुए उत्साह से भरी चौकड़ी-छकड़ी

## वीआईपी रोड स्थित द ग्रैंड नीलम में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा में अंतिम दिन भी उमड़ी भीड़



'मां अम्बे की आस्था में वीआईपी रोड स्थित द ग्रैंड नीलम में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा सजाए गए रास गरबा मंडप में अंतिम दिन भी गरबा प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था। मैदान में लोग पारंपरिक गीतों पर ताल से ताल मिलाते हुए गरबा मंडप में चौकड़ी-छकड़ी स्पेट आकर्षण का केन्द्र बने। रास गरबा महोत्सव के अंतिम दिन युवाओं ने एक बार फिर जमकर पारंपरिक संस्कृति के रंग बिखेरे वहीं मिसेस एशिया इंटरनेशनल सोनिया स्वर्णकार और मिसेस इंडिया मुस्कान ने भी जलवा बिखेरा।'




**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित द ग्रैंड नीलम में मां अम्बा देवी की सामूहिक आरती के साथ रास गरबा का शुभारंभ हुआ। गरबा के अंतिम दिन भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और वे पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार के साथ नजर आए। इस दौरान ढोल की थाप और डीजे की थिरकती बीट्स ने गरबा प्रेमियों में नृत्य का जोश बढ़ा दिया। युवाओं ने पारंपरिक गीतों की धुन पर जोश और उत्साह के साथ गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक रंगों का समावेश भी देखने को मिला। राजस्थानी, मराठी, छत्तीसगढ़ी और गुजराती पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर आए लोगों ने गरबा कार्यक्रम को सांस्कृतिक विविधता और उत्सव की अलग ही छटा बिखेरी।



## गुजराती परिधान में छत्तीसगढ़ी आभूषणों का मेल

रास गरबा में पारंपरिक संगीत का संगम देखने को मिला। सनन सनन जाए रो पिया गरबे की रात में.., चूड़ी खनंखाये तूने आधी ही रात में... जैसे गरबा गीतों के बीच छत्तीसगढ़ी और गुजराती संस्कृति की रंगीन छटा बिखरी। युवतियों ने गुजराती परिधान के साथ छत्तीसगढ़ी आभूषणों से श्रृंगार आकर्षण का केन्द्र रही। इससे दोनों संस्कृतियों का खूबसूरत मेल भी देखने को मिला। प्रतिभागी पारंपरिक गीतों की रिदम और डीजे की थिरकती बीट्स पर गरबा की ताल से ताल मिलाते जोश और उत्साह के साथ गरबा खेलने में तल्लीन नजर आए।



### यह रहे विजेता

बेस्ट मेल - नमन शुक्ला
बेस्ट मेल ड्रेस - गगन दीप
बेस्ट फीमेल - सोनिया स्वर्णकार, नेहा कोठारी, प्रज्ञा चतुरमोहता
बेस्ट बेबी - जश्न
बेस्ट कपल - श्रुति-अभिषेक
एक दूजे के लिए - हितेश - प्राची



# ज्योत-जंवारा विसर्जन में सांग बाना धारण करके निकले भक्त







**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर बुधवार को शहर के खमतराई, टिकरापारा, पुरानीबस्ती, संतोषी नगर सहित हर क्षेत्र में ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा आकर्षण का केन्द्र रही। बड़ी संख्या में लोग बाना और सांग धारण करके जसगीत गाते हुए आगे चल रही टोलियों के इर्द-गिर्द आस्था में झूमते हुए नजर आए। पंडा और बैगा के मार्गदर्शन में मां काली मंदिर नंदी चौक, हरदेव लाला मंदिर प्रांगण और श्रीराम चौक दुर्गा मंदिर से निकाली ज्योत-जंवारा विसर्जन यात्रा में देवी मंदिरों से नौ दिन पूजा के लिए स्थापित ज्योति कलश और जंवारा को भक्त सिर पर धारण करके पारंपरिक पहनावे में विधि-विधान से विसर्जित करने के लिए जिस रास्ते से गुजरे श्रद्धालु माता की आस्था में दंडवत हो आशीष लेते नजर आए। सभी समिति के प्रमुखों ने व्यवस्था की कमान संभालते हुए आगे चल रहे थे।

# गांधी चबूतरा और आनंद वाचनालय में बनी असहयोग आंदोलन की रणनीति, गांधी मैदान में हुई थी सभा

**रायपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती गुरुवार को मनाई जाएगी। महात्मा गांधी का रायपुर से गहरा नाता रहा है। जब भी गांधी जी आते थे, उनका निवास बूढ़ापारा स्थित पं. रविशंकर शुक्ल निवास हुआ करता था। पं. शुक्ल निवास कांग्रेस का मुख्यालय भी हुआ करता था। इससे निवास परिसर में ही बापू के लिए गांधी चबूतरा बनवाया गया। स्मृतियों का साक्षी प्रार्थना सभा स्थल अब भी यथास्थान पर यादों का हिस्सा बना हुआ है। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार आचार्य रमेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि स्व. आचार्य सूर्यकांत झा और समाज सेविका स्व. बेनबती मिश्र बताते थे कि, हम लोग जब भी गांधीजी रायपुर आते उनसे मिलने और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा गांधी चबूतरे पर बैठकर बनाते और उसे अमल में लाने का तरीका भी बताते थे। यहां तक असहयोग आंदोलन का रोडमैप भी गांधी की रायपुर यात्रा के दौरान ही बना था।






## आनंद समाज वाचनालय के पास सभा

आचार्य रमेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि आनंद समाज वाचनालय के पास स्थित चबूतरे से महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन से पहले महिलाओं की सभा को संबोधित किया था। उन्होंने बताया कि गांधीजी का 20 दिसंबर 1920 में असहयोग आंदोलन को लेकर की गई यात्रा का साक्षी रहा है। रायपुर के बाद गांधीजी नागपुर के लिए रवाना हुए थे। इससे पहले उन्होंने शहर में कई क्षेत्र में मीटिंग करते हुए आंदोलन की रूपरेखा को अंतिम स्वरुप दिया था। यहां से जाने के बाद महात्मा गांधी ने आंदोलन की घोषणा करते हुए इसकी अगुवाई के लिए आगे आए थे। इस आंदोलन ने अंग्रेजों का हौसला पस्त करते हुए वापस लौटने के लिए मजबूर किया।

## जैतूसाव मठ के कुएं से निकलवाया पानी

इतिहासविद् ने बताया कि वरिष्ठजनों से सुना है कि महात्मा गांधी सबसे ज्यादा दिनों तक 1933 में रुके थे। तब 22 से 28 नवंबर तक उन्होंने शुक्ल निवास में बिताया था। गांधी चबूतरा इसका साक्षी है कि महात्मा वहां प्रार्थना करते थे। इसके चलते सुबह और शाम की प्रार्थना में आंदोलन से जुड़े लोग शामिल होते थे। महात्मा गांधी उन्हें चबूतरे पर बैठकर दिशा-निर्देश दिया करते थे। सबसे ज्यादा दिनों तक 1933 में रायपुर प्रवास पर गांधीजी रहे। अंग्रेजों का ध्यान हटाने के लिए प्रार्थना सभा एक जरिया हुआ करता था। इसमें शामिल होने के लिए गांधी की विचारधारा से जुड़े लोग हर क्षेत्र से पहुंचते थे। इस बीच सद्भावना फैलाने के लिए जैतूसाव मठ में स्थित कुएं से एक बिटिया से पानी निकलवाने के बाद सभी को पिलाया था।





# श्रीराम विजयादशमी (दशहरा)

## महोत्सव 2025 में आप सादर आमंत्रित है...

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि :**

माननीय राज्यपाल आदरणीय **श्री रमन डेका जी** एवं माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय **श्री विष्णुदेव साय जी** साथ ही समस्त माननीय मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, आयोग मण्डल, निगम मण्डल के अध्यक्ष, सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण

**कार्यक्रम :**
दिनांक : 02 अक्टूबर 2025
समय : शाम 5 बजे से
स्थान : दशहरा मैदान WRS कालोनी रायपुर

**विशेष आकर्षण :** 101 फीट के रावण का दहन
81, 81, फीट के कुंभकरण और मेघनाथ
रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलरफुल आतिशबाजी






## समस्त प्रदेशवासियों को
# विजयादशमी
## की हार्दिक शुभकामनाएं

**पुरंदर मिश्रा**
विधायक-रायपुर उत्तर विधानसभा

विनीत :- WRS श्रीराम विजयादशमी (दशहरा) उत्सव समिति एवं नेशनल क्लब रायपुर

नोट :- कृपया समय के 1 घंटा पूर्व आकर स्थान ग्रहण करें।

## खबर संक्षेप




### परसदा में लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**अभनपुर।** विद्या मंदिर परसदा में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। गांव में नाली निर्माण, सडक निर्माण, तालाब गहरीकरण, पचरी का जीर्णोद्धार, शीतला घाट में चबूतरा निर्माण, हटरी चौक और बाजार चौक में कांक्रीटी कार्य समेत कई विकास कार्यों का सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके सरपंच किरण कुमार साहू, उपसरपंच जगदीश साहू, पूर्व सरपंच सीताराम साहू, राजकुमार नेताम, कुलेश्वर नेताम, बिशेषर कश्यप, विजय साहू, नरोत्तम निर्मलकर, हीरा निषाद व ग्रामीण मौजूद रहे।

### शोभायात्रा निकालकर ज्योत-जांवरे का किया विसर्जन

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा में नवमी के अवसर पर जय मां चंडी , जय मां काली , बगीचा पारा बजरंग मंदिर , सुभाष चौक में दुर्गोत्सव समिति द्वारा भक्तों की मनोकामना हेतु जलाए गए ज्योत जँवारा का बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाल कर सेवा भजन मंडली के द्वारा माता सेवा का भजन कीर्तन करते हुए नगर के शीतला माता रानी सागर तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान अत्यधिक घुप एवं उमस गर्मी के बावजूद भारी तादात में अंत तक भक्तजनों की भीड़ जुटी रही।

### एग्री स्टेक पंजीयन से किसान वंचित,अवधि बढ़ाने की मांग

**आरंग।** शासन-प्रशासन को अपने ही बनाये भुईयां व एकीकृत किसान पोर्टल में फीड किसानों के डाटा पर विश्वास नहीं होने और एग्री स्टेक पोर्टल में फीड किये जा रहे डाटा का एप्रूवल के चक्कर सहित पोर्टल में कतिपय दिक्कतों के चलते एक बार फिर प्रदेश के संपूर्ण किसानों का पंजीयन मियाद की आखिरी तिथि 30 सितंबर समाप्त होने तक नहीं हो पाया है। अब भी वंचित किसानों की संख्या लाखों में है।

# सेवा गीत गाते-गाते ज्योत जंवारा का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा में देवी मंदिरों से ज्योत जँवारा किया गया विसर्जन, मौली मंदिर में काफी भीड़। शारदीय नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों में जोत जँवारा जलाए गए थे, जहां पर आज ज्योत जँवारा का विसर्जन किया गया, मां मौली माता मंदिर पुरानी बस्ती तिल्दा में दोपहर में जोत ज्वारा का विसर्जन किया गया, मावली माता सेवा जस गीत समिति के सदस्यों द्वारा माता सेवा गीत के माध्यम से पूरे बस्ती से होते हुए वार्ड के छोटे तालाब पहुंचे जहां पर ज्योत जँवारा का विसर्जन किया गया, इस बीच जगह-जगह ज्योत जँवारा का पूजा अर्चना की गई , साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे। इसी तरह से महामाया माता मंदिर नेवरा सहित अन्य देवी मंदिरों में जोत जँवारा का विसर्जन आज किया गया वहीं दुर्गा माता की प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न दुर्गोत्सव समिति के द्वारा गुरुवार को किया जाएगा।

# पूर्व विधायक ने हवन-पूजन में अंचल की खुशहाली मांगी



**अभनपुर।** पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने क्षेत्र के ख्याति प्राप्त सिद्धपीठ माता चंडी मंदिर के हवन पूजन कार्यक्रम मे शामिल होकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की वही अभनपुर नगर के सभी दुर्गा पंडाल में माँ दुर्गा का दर्शन करते माता रानी से नगर की कुशलता के आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री साहू ने क्षेत्रवासियो को नवरात्रि व विजयादशमी की बधाई दी।

इस दौरान अभनपुर नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे , उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी , पार्षद नीलकमल गिलहरे , पार्षद डोमेन साहू , बीरेंद्र सिन्हा , बीरबल टंडन जीत गांधी,ओमप्रकाश साहू ,घासु साहू, रेणुका साहू, सोनजीत ध्रुव, शशि शर्मा ,रवि साहू सुमित तम्बोली उपस्थित रहे। पूर्व विधायक श्री साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को विजयदशमी की बधाई दी।

## पर्व : रामलीला देखने विधायक सहित कई हस्ती पहुंचे

# दशहरा पर्व आज मनाएंगे, रामलीला का मंचन जारी, मोहदी में रावण की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

गुरुवार धरसींवा अंचल में विजयादशमी का महापर्व हर्षोल्लास, भक्ति और ऐतिहासिक परंपराओं के संगम के बीच मनाया जाएगा। यह पर्व न केवल असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है, बल्कि इस अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है। एक ओर जहां कई गांवों में पुरानी रामलीला का मंचन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत मोहदी में रावण महाराज की अद्वितीय पूजा-अर्चना इस क्षेत्र की अद्भुत आस्था को केंद्र में लाती है। वही धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा कई गांवों में चल रहे राम लीला मंच में पहुच कर कलाकारों को शुभकामनाएं दी है।





### रामलीला से भक्ति का संचार

धरसींवा के कई गांव राम और रावण के पौराणिक युद्ध की कहानियों को जीवंत कर रहे हैं। ग्राम निंनवा की रामलीला का मंचन इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र है, क्योंकि यहां यह परंपरा 100 वर्ष पूर्व से अनवरत चली आ रही है। निंनवा के कलाकारों में राम और रावण की भूमिका निभाने वाले किरदार अपने अद्भुत और भावविभोर कर देने वाले अभिनय के लिए दूर-दूर तक जाने जाते हैं, जो दर्शकों को सीधा त्रेता युग की अनुभूति कराते हैं। इसके साथ ही, नगर पंचायत कुरा और परसतराई में भी पूर्वजों द्वारा शुरू की गई रामलीला मंचन की परंपरा आज भी पूरे उत्साह के साथ जारी है। इन स्थानों पर स्थानीय कलाकार अपने निष्ठापूर्ण मंचन से धार्मिक भावनाओं का संचार कर रहे हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी

इस भक्तिपूर्ण और उत्साह भरे माहौल में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग और मुस्तैद है। दशहरा उत्सव के मद्देनजर, सभी रामलीला स्थलों, पूजा पंडालों और भीड़-भाड़ वाले मुख्य बाजारों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

### ग्राम में अनूठी परंपरा

जहां देश के अधिकांश हिस्सों में दशहरा पर रावण दहन कर बुराई को समाप्त करने की परंपरा है, वहीं धरसींवा का ग्राम पंचायत मोहदी अपनी अनोखी आस्था के कारण एक मिसाल कायम करता है। मोहदी के ग्रामीणों की रावण महाराज पर अटूट श्रद्धा है। इस गांव में रावण की मूर्ति की पूजा सिर्फ दशहरा पर ही नहीं, बल्कि बारहों महीने की जाती है। ग्रामीणों का मानना है कि रावण महाराज पर उनकी आस्था ही उनके गांव में खुशहाली और शांति बनाए रखती है। दशहरा के पावन अवसर पर यहां रावण महाराज की विशेष पूजा-अर्चना आयोजित होंगे, जो इस पर्व को एक विशिष्ट धार्मिक स्वरूप प्रदान करेगा। यह परंपरा बताती है कि भारतीय संस्कृति में हर पात्र को उसके गुण और ज्ञान के आधार पर भी आदर दिया जाता है।

# मौहागांव में माता सहोद्रा एवं बाबा अमरदास की अवतार कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



मौहागांव समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों की ओर से दिनांक 24सितम्बर से 30 सितम्बर तक सात दिवसीय सतनाम ग्रंथ एवं गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम आयोजित हो रही। सातवां दिन मंगलवार को राज सतनाम सतसंग संत ग्रंथ कर्ता राजमंहत मानदास आंनद एवं संगीत साथियों के व्दारा मजगांव जिला बेमेतरा सतनाम ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा से गिरौदपुरी बाबा गुरू घासीदास जी की जीवन चरित्र पर सामाजिक सांस्कृति, संविधान पर आधारित कार्यक्रम सप्तम दिवस में कथा प्रवचन के आधार पर माता सफुरा - गुरु घासीदास बाबा जी पुत्र -पुत्री माता सहोद्रा व अमरदास अवतरण के बारे में संत समाज को बताया तथा सतनाम उपदेश मनखे-मनखे एक समान, किसी जीव हत्या नहीं करना चाहिए,सब जीव एक समान जातिवाद,आदि जो समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।सात सिध्दांत पर अमृतवाणी , सहस्त्रधारा अमृत स्नान, भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम के दौरान बलिदानी राजा गुरू बालक दास के जीवन पर बनी एतिहासिक फिल्म अपने टीम के साथ मौहागांव में सात दिवसीय सतनाम सतसंग सतग्रंथ एवं गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम शामिल हुए साथ सतनामी समाज के लोगों द्वारा सफेद गरछा व श्रीफल नारायण से भावपूर्ण सम्मानित किया गया।

## कन्या भोज...



**रायपुर ।** सरस्वती शिशु मंदिर माना कैंप में कन्या भोजन कराया गया। जिसमें अरुण और उदय की बहन माता के रूप में आईं और कन्या भोज को पूर्ण किया। आयोजन में प्रथम पाली के सभी दीदी जी एवं प्राचार्य और प्रधानाचार्य सम्मिलित थे।

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली शोभायात्रा



तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम बुन्देलीडीह (सरोरा) में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओ एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया। कथा के प्रवचन कर्ता पं लिखेश्वर महराज तरपोंगी वाले है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है।

# शोभायात्रा निकाली, किया ज्योति कलश विसर्जित



**आरंग।** स्थानीय शीतला मंदिर आरंग शारदीय नवरात्रि पर्व का ज्योति कलश व ज्वारा क्वार मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को प्रातः 7 बजे किया गया। शीतला मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार आनन्द मूर्ति अग्रवाल, आचार्य मुकेश कुमार शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार, मंदिर पुजारी एवं समस्त मोहल्ला वासियों के सहयोग से ज्वारा व ज्योति कलश माता की सेवा गीत के साथ पुष्प से आच्छादित मार्ग पर जगह जगह मंगल आरती एवं पूजा के साथ पंडरी तालाब तक लाया गया जहां पूजा अर्चना के साथ ज्वारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मोहल्ला वासी एवं अग्रसेन योगासन शाखा के सदस्य उपस्थित थे। इस नवरात्रि पर्व पर 254 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित था, पूरा मोहल्ला भक्ति भाव एवं जस गीतों की मधुर आवाज से गूंज रहा था। अंत में मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष शंकर पाल द्वारा

### गौठान में बदहाली से गौवंशों की मौत

**आरंग।** आरंग के घुमरा भांठा गौठान में भारी अव्यवस्था के चलते आए दिन गौ माता भूख, छांव व उपचार के अभाव में काल के गाल में शमा रहे हैं। बुधवार को इस संबंध में श्रीबागेश्वर नाथ गौ सेवा धाम एवं गौ सेवा समिति आरंग के संयुक्त तत्वाधान में बैठक रखा गया।जिसमें इस गंभीर विषय के समाधान के संबंध में उपस्थित गौ सेवको ने यह निर्णय लिया कि इस संबंध में नगर में जन जागरूकता रैली निकाला जाए। जिससे लोग गौ माता की रक्षा के लिए आगे आए। समिति सदस्यों ने बताया इससे पूर्व नगर पालिका प्रशासन को यहां की अव्यवस्था से अवगत कराया जा चुका है। साथ ही गौठान में शेड पेयजल, चारा एवं बीमार पशुओं के उपचार की समुचित व्यवस्था की मांग किये हैं। पर अब तक प्रशासन इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते प्रतिदिन दो तीन गाय मर रहीं हैं।जो बहुत ही चिंतनीय है।

## पेज 03 के शेष ...

### पार्किंग स्थल तय....

बस टर्मिनल के सामने खाली मैदान में पार्किंग कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश करेंगे, वहीं बस स्टैंड में प्रवेश करने वाले सभी बसें भाठागांव चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग से गेट नंबर 2 से बस स्टैंड प्रवेश करेंगे। - बीटीआई ग्राउंड दशहरा मैदान में आने वाले दर्शक अपना वाहन कचना खम्हारडीह जाने वाले मार्ग के किनारों में अपना वाहन पार्क कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश करेंगे। शंकर नगर मुख्य मार्ग पर वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगा।

### हेल्थ में अरबों ....

सीबीसी मशीन मॉडल-9904 की सप्लाई की गई थी। उस दौरान कंपनी द्वारा मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच के लिए रीएजेंट सहित अन्य कंज्यूमेबल सामग्री भी विभाग को उपलब्ध कराया था। काफी समय तक इन मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच होती रही। इस बीच घोटाला सामने आ गया और रीएजेंट की सप्लाई बाधित हो गई थी। लगभग 38 करोड़ की लागत से खरीदी गई इन मशीनों का उपयोग दवा निगम पुनः करना चाहता है और उसके लिए रीएजेंट सहित सामानों की खरीदी के लिए नयी एजेंसी तय करने की तैयारी की जा रही है। जारी टेंडर में शामिल होने वाली कंपनियों के डेमोस्ट्रेशन के दौरान बंद पड़ी मशीनों को खोलने उसमें उपयोग आने वाले रीएजेंट के बारे में पता लगाया जाएगा। जो कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन की सीबीसी मशीन के लॉक को तोड़ पाएगी, उससे अनुबंध किया जाएगा।

### शराब घोटाले में फंसे ...

शिक्षा अधिकारी, जिनमें चार सेवानिवृत्त तथा सहायक स्तर के तीन अन्य अधिकारी शामिल हैं। एसीबी-ईओडब्ल्यू की जांच में इन सभी अधिकारियों पर नए दायर किए गए आरोप पत्र के बाद ईडी ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत इनके विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए सभी को करीब सप्ताहभर पहले नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ईडी ने ठोस सबूतों के आधार पर सभी आबकारी अधिकारियों को समन भेजा है, लेकिन इसके बाद भी कोई अधिकारी ईडी दफ्तर में पेश नहीं हुआ। संभावना जताई जा रही है कि अगर अधिकारी ईडी की कार्यवाही में सहयोग नहीं करेंगे, तो सभी को अदालत में सीधे पेश होने के लिए कहा जा सकता है।

### चौथे पूरक आरोप ....

नीतू नोतानी ठाकुर और नोबर सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंह तोमर, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनिक, सोनल नेताम, प्रकाश पाल, आलेख राम सिदार, आशीष कोसम और राजेश जयसवाल, साथ ही सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त जीएस नुरूटी, वेदराम लहरे और एलएल ध्रुव, सात जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) इकबाल खान, मोहित कुमार जयसवाल गैरीपाल सिंह दर्डा, सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी एके सिंह, जेआर मंडावी, देवलाल वैध और एके अनंत और दो सहायक जिला आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव और नितिन खंडूजा, और एक सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंजूश्री कसार शामिल हैं। जांचकर्ताओं ने पाया है कि 2019 और 2023 के बीच ये अधिकारी जिलों में पदस्थ थे।

### 21 से कम आयु ....

जिनके नाम से विभाग द्वारा अनुज्ञप्ति जारी की गई है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बार संचालकों से अपील करते हुए कहा, किसी भी सूरत में वे राज्य में अवैध अथवा अपंजीकृत शराब का विक्रय बार व होटल में न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। बार में बाहर से मदिरा लेकर आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा, नियम और कानून के हिसाब से सात्विक तरीके से बार व होटल का संचालन होना चाहिए। उन्होंने ड्रग्स, कोकीन, एमडी जैसे मादक पदार्थों के विक्रय से दूर रहने की चेतावनी दी। ऐसे मादक पदार्थों का बार परिसर में विक्रय, सेवन आदि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस/आबकारी विभाग को सूचित करने की सलाह दी।

### सीसीटीवी में एक ....

विभाग से अनिवार्यतः अनुशंसा ली जाए। उन्होंने बार व होटलों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी स्थापित करने के निर्देश दिए। इसमें एक माह का बैकअप एवं नाइट विजन कैमरा भी स्थापित करने के निर्देश दिए।

### 7 क्रेन, 90 ....

बड़ी मूर्तियों के सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से विसर्जन की व्यवस्था देने 7 क्रेन मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। श्रद्धालुओं को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए तीन पाली में 90 गोताखोर तैनात किए गए हैं। प्रत्येक पाली में 30 गोताखोर कुंड स्थल पर मौजूद रहेंगे। विसर्जन स्थल पर पुलिस के जवान, अग्निशमन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम सेवा दे रही है।




# तिल्दा नेवरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने मोती ज्ञानचंदानी



**तिल्दा नेवरा।** नगर के सासाहोली स्थित स्थानीय विश्रामगृह में तिल्दा नेवरा प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मोतीराम ज्ञानचंदानी को प्रेस क्लब तिल्दा नेवरा का अध्यक्ष और दिलीप वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि प्रेस क्लब के गठन का उद्देश्य पत्रकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि पत्रकारिता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित की आवाज को और मजबूती मिल सके। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद मोती ज्ञानचंदानी ने कहा कि प्रेस क्लब की कार्यकारिणी की घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि तिल्दा नेवरा में प्रेस क्लब का अपना भवन शीघ्र ही बनाया जाएगा, ताकि पत्रकारों के लिए एक स्थायी कार्यस्थल उपलब्ध हो सके। कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों के अधिकारों और कर्तव्यों के साथ-साथ नगर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखते हुए जनहित में काम करता रहेगा। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने अध्यक्ष मोती ज्ञानचंदानी और कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप वर्मा को शुभकामनाएँ और बधाई दी। इस अवसर पर सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नई टीम प्रेस क्लब को एक नई ऊँचाई तक ले जाएगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मंदिर परिसर में रामचरित मानस पाठ शुरू

**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बुधवार को 24 घंटे का रामचरितमानस पाठ का आयोजन रखा गया है, जिसका समापन 2 अक्टूबर को किया जाएगा। हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है और पंडित विधिवत पाठ कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी ने सभी भक्तों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर हनुमानजी का दर्शन का लाभ लेवे।

### राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के पर्यटक सूचना केंद्रों का शुभारंभ आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधासभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल कल 2 अक्टूबर को राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के पर्यटक सूचना केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ समारोह राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित चौपाटी में शाम 5 बजे होगा। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और लोकसभा सांसद संतोष पांडे शामिल होंगे।

### नवीन विश्राम भवन में परिचर्चा कार्यक्रम कल

**रायपुर।** संघ प्रचारक, चिंतक एवं लेखक राम माधव (पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा) की नवीन पुस्तक द न्यू वर्ल्डः 21स्ट सेंचुरी ग्लोबल ऑर्डर एंड इंडिया पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित नवीन विश्राम भवन के कन्वेंशन हॉल में 3 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगा। कार्यक्रम साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद एवं छत्तीसगढ़ यंग थिंकर्स फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ यंग थिंकर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष उज्जवल दीपक ने बताया कि परिचर्चा में हिस्सा लेने भारत के आर्थिक सलाहकार परिषद के सलाहकार अपूर्व मिश्र विशेष वक्ता के तौर पर पधार रहे हैं।



## निधन

### अभिषेक शर्मा

**रायपुर।** रायपुर निवासी अभिषेक शर्मा धमनी वाले (39) का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भनपुरी मुक्तिधाम में किया गया। वे चिरंजीव लाल शर्मा के पुत्र थे।



### हज्जन आसिया खातून

**रायपुर।** मेहबूबे इलाही मस्जिद, रामनगर-कृष्णा नगर निवासी हज्जन आसिया खातून (69) का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे सेवानिवृत शिक्षक हाजी तुफैल अली की पत्नी और रफीक अली की माता थीं।



# राजस्व अटकाने वालों की निगम बनवा रहा सूची, नोटिस के बाद होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**बिरगांव निगम प्रशासन सम्पत्ति कर वसूली के लिए चला रहा है अभियान**

बिरगांव में बकाया टैक्स वसूली अभियान अब तेज होने वाला है। निगम अब बकायादारों की सूची बनवा रहा है। राजस्व अटकाने वालों के खिलाफ सख्ती से पहले नियम टैक्स जमा नहीं करने वालों को नोटिस देने के बाद कुर्की की तैयारी में है। निगम के राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने आयुक्त युगल किशोर उर्वशा के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में टैक्स वसूली करने विशेष अभियान संचालित करने की तैयारी शुरू की है। राजस्व अधिकारी ने बताया कि नियम के तहत सभी बकायादारों को पूर्व में डिमांड बिल, डिमांड नोटिस एवं लोक अदालत का नोटिस तामील करने के बाद अब कुर्की वारंट की कार्यवाही की जाएगी। बिरगांव निगम क्षेत्र के सभी टैक्स दाताओं को 100 प्रतिशत डिमांड बिल वितरण किया है। उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप और टेक्स मैसेज के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के लिए लिंक भेजा है। निगम की कचरा गाड़ियों से भी ऑडियो संदेश प्रसारित करके संपत्ति कर में छूट की जानकारी दी गई। इसके बाद सितंबर तक निगम ने लगभग 6 करोड़ रुपए टैक्स वसूल किया, जो कि शासन द्वारा निर्धारित 35 प्रतिशत लक्ष्य से 5 प्रतिशत अधिक है। सीमित स्टाफ में एक सहायक राजस्व निरीक्षक, दो राजस्व उपनिरीक्षक एवं एक राजस्व निरीक्षक के बावजूद सभी काम समयसीमा और शासन द्वारा तय लक्ष्य के अनुरूप किया जा रहा है। वर्तमान में निगम को प्राप्त होने वाले कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत ऑनलाइन माध्यम से वसूल किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 21 करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। इसमें लगभग 5 करोड़ रुपए ऑनलाइन प्राप्त हुए। बीते वर्ष निगम ने 106 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की थी।



### निगम ने की 1.46 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली

*इस वर्ष भी निगम ने शुरू से ही सख्ती बरतनी शुरू की है। लगभग 3000 बकायादारों की सूची तैयार करके प्रकरण लोक अदालत में भेजे गए। इनमें से 2100 बकायादारों द्वारा लगभग 62 लाख रुपए जमा किए गए हैं। साथ ही कुर्की वारंट जारी करने से सकारात्मक परिणाम सामने आए और सितंबर में ही 1.46 करोड़ रुपए की वसूली की गई। इसके बावजूद जिन करदाताओं ने अब तक टैक्स नहीं दिया है, उनकी अलग-अलग सूची तैयार की जा रही है। निगम द्वारा आगामी दिनों में व्यावसायिक भवनों में सीलबंदी और आवासीय क्षेत्रों में नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।*

# इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में ढाई लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। मंगलवार रात रामसागरपारा इलाके में चोरों ने एक होलसेल इलेक्ट्रानिक्स दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर इस दुकान के शटर को रॉड से उठाकर अंदर घुसे और आलमारी में रखे नकदी 2 लाख 45 हजार रुपए चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट बुधवार को दुकान संचालक ने आजाद चौक थाने में दर्ज कराई है।

■ चोर राड से शटर उठाकर घुसे अंदर

पुलिस के अनुसार प्रार्थी गुरुदर्शन सिंह निवासी बजाज कालोनी राजेंद्रनगर की रामसागरपारा स्थित पंजाब ऑयल मिल गली में इलेक्ट्रॉनिक्स की होलसेल दुकान है। गुरुदर्शन मंगलवार को रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह करीब 11 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा, तो दुकान का एक तरफ का शटर उठा पाया। अंदर जाकर देखा, तो दुकान के केबिन में रखा सामान बिखरे पड़े थे, वहीं आलमारी के लॉकर में रखे 2 लाख 45 हजार रुपए गायब थे। चोर जिस तरह से दुकान के अंदर घुसा है, उसे देखकर पुलिस यही संभावना जता रही है कि इस चोरी को एक से अधिक लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। पुलिस इस मामले में फिलहाल अपराध दर्ज कर दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

### श्री हनुमान गढ़ी में महाभोग भंडारा आज

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमान गढ़ी के स्थापना दिवस एवं विजयादशमीं के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को मारुति हवन-महाभोग भंडारा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सुबह 8 बजे मारुति हवन, दोपहर 12 बजे सवा मन का एक लड्डू का महाभोग चैबे परिवार द्वारा लगाया जाएगा एवं महाभंडारा दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। इस आयोजन की जानकारी पं. राजेन्द्र पाण्डेय द्वारा दी गई। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को महाभोग भंडारा में आने की अपील की है।

## बुजुर्गों की विशेष देखभाल के लिए राज्य में सियान गुड़ी

# सियान गुड़ी में होगी वृद्धों की देखभाल, चार शहरों में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों की देखभाल के लिए सियान गुड़ी खोले जाएंगे। सियान गुड़ी को विशेष रूप से बुजुर्गों की देखभाल के लिए विकसित किया जाएगा। इसकी शुरुआत राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग से होगी।

यहां पीपीपी मोड में सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम खोले जाएंगे। यहां सफलतापूर्वक संचालन के बाद अन्य जिलों में भी इसके विस्तार की योजना बनेगी। इससे संबंधित घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वृद्धजन दिवस के मौके पर बुधवार को की। वे कृषि विवि में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इन घोषणों के साथ ही उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

सरकार वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए समर्पित योजनाओं को लगातार मजबूत बना रही है।

हरिभूमि सरोकार




■ रायपुर, बिलासपुर कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल पर सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम

### टूर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किए जाएंगे युवा


पर्यटन साथी पहल के लिए ईज माई ट्रिप और जिला प्रशासन के मध्य एमओयू भी इस दौरान किया गया। पर्यटन साथी पहल के तहत युवाओं को आईटीआई सड्डू में टूर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रति बैच 50 युवाओं को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि तीन महीने की होगी।

### दिव्यांगजनों के उपकरणों के लिए सर्विस सेंटर

*दिव्यांगजनों द्वारा कई तरह के उपकरण अपने दैनिक जीवन को आसान बनाने इस्तेमाल में लाए जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर उपकरणों की मरम्मत के लिए विशेष सर्विस सेंटर नहीं है। इसके लिए या तो उन्हें यहां-वहां भटकना पड़ता है अथवा नया उपकरण ही खरीदना पड़ता है। अब इस समस्या निवारण के लिए राजधानी रायपुर में सर्विस सेंटर खोला जाएगा। इसकी घोषणा करते हुए नशामुक्त अभियान के अंतर्गत 25 नशामुक्ति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत,मोतीलाल साहू, इन्द्र साहू, अनुज शर्मा, निशक्तजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।*

# अमित शाह 3 को रायपुर आकर 4 को जाएंगे बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रवास (रायपुर) पर आकर अगले दिन 4 को बस्तर दौरे पर जाएंगे। उनके आगमन के लिए राज्य शासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इस सिलसिले में उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया। गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरा है। 3 तारीख की रात को केंद्रीय गृहमंत्री का आगमन हो जाएगा। अगले दिन सुबह दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी माता के दर्शन करके स्वदेशी मेले में जाएंगे। मांझी मुड़िया पुजारी के साथ उनकी चर्चा होगी।

■ गृहमंत्री विजय शर्मा ने लिया तैयारियों का जायजा

### अधिकारियों को दिए निर्देश

गृहमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराया जा सके। श्री शर्मा ने सिरहासार भवन और लालबाग स्थित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस का तालाबंदी आंदोलन महंगी बिजली के खिलाफ सभी जिलों में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ दीपक बैज का आरोप है कि राज्य सरकार बिजली बिल के जरिए कर रही मुनाफाखोरी

महंगी बिजली की दरों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बिजली बिल दोगुना करने और जनता पर बोझ डालने का आरोप लगाते हुए प्रदेशभर के बिजली दफ्तरों का घेराव और तालाबंदी करने का ऐलान किया है। 3 और 4 अक्टूबर को यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सभी जिलों में किया जाएगा।

कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना से 400 यूनिट की सीमा खत्म कर दी, जिससे उपभोक्ताओं को भारी नुकसान हुआ। इस फैसले को कांग्रेस ने "राज्य सरकार की प्रायोजित लूट" और "मुनाफाखोरी की नीति" करार दिया। बैज ने कहा, बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस लगातार चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में सभी बिजली दफ्तरों में तालाबंदी की जाएगी। मैं सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील करता हूं कि वे अपने नजदीकी बिजली दफ्तरों में ताला बंदी आंदोलन में शामिल हों। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 5 साल तक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हाफ बिजली बिल योजना लागू की गई थी, इस योजना से 54 लाख घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होते थे और 400 यूनिट तक का बिजली बिल आधा कर दिया जाता था। कांग्रेस का कहना है कि इस योजना ने लगभग हर परिवार को राहत दी थी।

### भाजपा शासन में बिल दोगुना

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार में उपभोक्ताओं का औसत बिजली बिल दोगुना हो गया है। हाल ही में आए बिजली बिलों से आम जनता परेशान है और गुस्से में है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा, "कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगी दर पर बिजली बेची जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्देश दिया है कि 3 और 4 अक्टूबर को जिले के सभी छोटे-बड़े बिजली दफ्तरों का घेराव और तालाबंदी की जाएगी।

# कांग्रेस की मांग- हेमंत के आरोपों की न्यायिक जांच कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ईडी द्वारा एक व्यापारी हेमंत चंद्राकर से की गई मारपीट और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस नेताओं के नाम लेने के लिए दबाव बनाये जाने पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ में ईडी आतंकियों जैसा व्यवहार कर रही है। ईडी की कार्यवाई से साफ हो रहा है कि वह भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने का उसने ठेका लिया हुआ है और फर्जी कार्रवाइयां करके वह कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं को बदनाम कर रहा है। उन्होंने कहा, व्यवसायी हेमंत चंद्राकर के साथ ईडी ने अमानवीय ढंग से मारपीट की है। उसके शरीर पर मारपीट के संघातिक निशान हैं। इस अमानवीय मारपीट के लिए पुलिस को हेमंत चंद्राकर के आवेदन पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने कहा, हेमंत चंद्राकर ने ईडी पर गंभीर आरोप लगाया है।

# कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देने का गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरनपुर हिंसा मामले में सीबीआई द्वारा चार्जशीट दाखिल करने के साथ एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हो गई है। कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को निशाने पर लेते हुए वोटों के ध्रुवीकरण के लिए घटना को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाते हुए मंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की है।



छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बिरनपुर हिंसा मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल चार्टशीट को लेकर कहा, बिरनपुर मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल जार्च शीट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि दो पक्षों के बीच आपसी झगड़ा था, जिसने बढ़ते-बढ़ते सांप्रदायिक रूप ले लिया।

# विद्युत संविदा कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, आज भी काम बंद रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के विद्युत संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण, सेवा सुरक्षा सहित अन्य चार सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को कार्य का सामूहिक बहिष्कार किया। गुरुवार को भी हड़ताली कर्मचारी काम ठप कर आंदोलन करेंगे। संविदा कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण कई क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर खराब होने, लाइन फॉल्ट की मरम्मत और लाइन मेंटेनेंस जैसे कार्य पर असर पड़ा, वहीं नए मीटर का सर्वे, मीटर चेक करने से लेकर विद्युत तार में सुधार कार्य प्रभावित रहा। दरअसल, राज्यभर के 2,470 विद्युत संविदा कर्मियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पावर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने 1 अक्टूबर को सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार कर नियमितीकरण, वेतन बढ़ोतरी और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलन किया। हड़ताली कर्मचारी 2 अक्टूबर को भी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिचरण साहू का कहना है, लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी, नियमितीकरण और सेवा सुरक्षा जैसी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन पावर कंपनी प्रबंधन और शासन-प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को अनदेखी किया जा रहा है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं, आंदोलन का यह दूसरा चरण है।



*बिजली कर्मचारी महासंघ आंदोलन पर, काली पट्टी लगाकर कार्य : छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ओल्ड पेंशन स्कीम, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, 3 फीसदी तकनीकी भत्ता, चतुर्थ उच्च वेतनमान लागू करने सहित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। 1 से 8 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में पावर कंपनी के नियमित, संविदा, बाहय स्त्रोत कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे हैं। महासंघ के क्षेत्रीय परमेश्वर कन्नौजे ने कहा, रायपुर स्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।*

### प्रमुख मांग पर एक नजर

*0 पावर कंपनी में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए*
*0 विद्युतीय, गैर विद्युतीय दुर्घटना , सामान्य मृत्यु पर 25 लाख मुआवजा, प्रभावित परिजन को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति की मांग*
*0 एकमुश्त वेतन में महंगाई भत्ता, मकान भत्ता प्रदान किया जाए*
*0 राष्ट्रीय अवकाश में कार्य किये जाने पर अतिरिक्त भुगतान की पात्रता, साथ ही पूर्व में संविदा कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय अवकाश में किए गए अतिरिक्त*
*0 ड्यूटी का अतिरिक्त भुगतान करने की मांग।*

### 9 को डंगनिया में पावर कंपनी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर 9 अक्टूबर को प्रदेशभर के विद्युत संविदा कर्मचारी डगनिया स्थित छत्तीसगढ़ विद्युत पावर कंपनी मुख्यालय के सामने आमसभा कर विरोध प्रदर्शन करने बड़ी संख्या में जुटेंगे। उनके इस आंदोलन का छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने समर्थन किया है। 9 अक्टूबर को शाम 4 बजे कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मांग पूरी नही होने पर छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

बिजनेस साइट

# धनश्री ज्वेलर्स का 35वीं वर्षगांठ में प्रवेश लेटेस्ट ज्वेलरी का नया कलेक्शन

**रायपुर।** इस विजयादशमी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर महानगर के हृदय स्थल गिरधर भवन के सामने, सदर बाजार स्थित धनश्री ज्वेलर्स ने केवल समस्त ग्राहकों को शुभकामनाएं दी, बल्कि अपने सफलतम 34 वर्षों की यात्रा के लिए उनका आभार भी प्रकट किया। 1991 में विजयादशमी के दिन स्थापित हुए धनश्री ज्वेलर्स ने अब अपने 35वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस मौके पर धनश्री ज्वेलर्स के संचालक ओम प्रकाश सोनी एवं योगेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने हमेशा से शुद्धता, पारदर्शिता और ग्राहकों के विश्वास को प्राथमिकता दी है। संस्थान के अनुसार, हर आभूषण में अनुभव की गहराई और परंपरा की खूबसूरती को आधुनिक डिजाइनों के साथ समाहित किया गया है। चाहे पारंपरिक हो या आधुनिक, हर जरूरत और स्वाद को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण, हीरा और चांदी के आकर्षक आभूषण यहां उपलब्ध हैं। इस मौके पर धनश्री ज्वेलर्स ने विभिन्न प्रकार के पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के आभूषणों की झलक भी साझा की। इनमें आईजीआई प्रमाणित उच्च शुद्धता वाले वीवीएस-वीएस-ईएफ कट के हीरे, एचयूई डी हॉलमार्क स्वर्ण आभूषण और चांदी के विशिष्ट बर्तन शामिल हैं। यह सभी उत्पाद न केवल सौंदर्य बल्कि उपहार व पारिवारिक अवसरों के लिए भी उपयुक्त हैं। ग्राहकों के विश्वास और समर्थन के लिए धनश्री परिवार ने धन्यवाद कहकर अपना कृतज्ञता भाव प्रकट किया है और आगे भी इसी समर्पण भाव से सेवा करते रहने का संकल्प दोहराया है।




## पेज 03 के शेष ...

### पार्किंग स्थल तय....

बस टर्मिनल के सामने खाली मैदान में पार्किंग कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश करेंगे, वहीं बस स्टैंड में प्रवेश करने वाले सभी बसें भाठागांव चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग से गेट नंबर 2 से बस स्टैंड प्रवेश करेंगे। - बीटीआई ग्राउंड दशहरा मैदान में आने वाले दर्शक अपना वाहन कचना खम्हारडीह जाने वाले मार्ग के किनारों में अपना वाहन पार्क कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश करेंगे। शंकर नगर मुख्य मार्ग पर वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगा।

### हेल्थ में अरबों ....

सीबीसी मशीन मॉडल-9904 की सप्लाई की गई थी। उस दौरान कंपनी द्वारा मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच के लिए रीएजेंट सहित अन्य कंज्यूमेबल सामग्री भी विभाग को उपलब्ध कराया था। काफी समय तक इन मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच होती रही। इस बीच घोटाला सामने आ गया और रीएजेंट की सप्लाई बाधित हो गई थी। लगभग 38 करोड़ की लागत से खरीदी गई इन मशीनों का उपयोग दवा निगम पुनः करना चाहता है और उसके लिए रीएजेंट सहित सामानों की खरीदी के लिए नयी एजेंसी तय करने की तैयारी की जा रही है। जारी टेंडर में शामिल होने वाली कंपनियों के डेमोस्ट्रेशन के दौरान बंद पड़ी मशीनों को खोलने उसमें उपयोग आने वाले रीएजेंट के बारे में पता लगाया जाएगा। जो कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन की सीबीसी मशीन के लॉक को तोड़ पाएगी, उससे अनुबंध किया जाएगा।

### शराब घोटाले में फंसे ...

शिक्षा अधिकारी, जिनमें चार सेवानिवृत्त तथा सहायक स्तर के तीन अन्य अधिकारी शामिल हैं। एसीबी-ईओडब्ल्यू की जांच में इन सभी अधिकारियों पर नए दायर किए गए आरोप पत्र के बाद ईडी ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत इनके विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए सभी को करीब सप्ताहभर पहले नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ईडी ने ठोस सबूतों के आधार पर सभी आबकारी अधिकारियों को समन भेजा है, लेकिन इसके बाद भी कोई अधिकारी ईडी दफ्तर में पेश नहीं हुआ। संभावना जताई जा रही है कि अगर अधिकारी ईडी की कार्यवाही में सहयोग नहीं करेंगे, तो सभी को अदालत में सीधे पेश होने के लिए कहा जा सकता है।

### चौथे पूरक आरोप ....

नीतू नोतानी ठाकुर और नोबर सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंह तोमर, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनिक, सोनल नेताम, प्रकाश पाल, आलेख राम सिदार, आशीष कोसम और राजेश जयसवाल, साथ ही सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त जीएस नुरूटी, वेदराम लहरे और एलएल ध्रुव, सात जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) इकबाल खान, मोहित कुमार जयसवाल गैरीपाल सिंह दर्दा, सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी एके सिंह, जेआर मंडावी, देवलाल वैध और एके अनंत और दो सहायक जिला आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव और नितिन खंडूजा, और एक सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंजूश्री कसार शामिल हैं। जांचकर्ताओं ने पाया है कि 2019 और 2023 के बीच ये अधिकारी जिलों में पदस्थ थे।

### 21 से कम आयु ....

जिनके नाम से विभाग द्वारा अनुज्ञप्ति जारी की गई है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बार संचालकों से अपील करते हुए कहा, किसी भी सूरत में वे राज्य में अवैध अथवा अपंजीकृत शराब का विक्रय बार व होटल में न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। बार में बाहर से मदिरा लेकर आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा, नियम और कानून के हिसाब से सात्विक तरीके से बार व होटल का संचालन होना चाहिए। उन्होंने ड्रग्स, कोकीन, एमडी जैसे मादक पदार्थो के विक्रय से दूर रहने की चेतावनी दी। ऐसे मादक पदार्थों का बार परिसर में विक्रय, सेवन आदि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस/आबकारी विभाग को सूचित करने की सलाह दी।


### सीसीटीवी में एक ....

विभाग से अनिवार्यतः अनुशंसा ली जाए। उन्होंने बार व होटलों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी स्थापित करने के निर्देश दिए। इसमें एक माह का बैकअप एवं नाइट विजन कैमरा भी स्थापित करने के निर्देश दिए।

### 7 क्रेन, 90 ....

बड़ी मूर्तियों के सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से विसर्जन की व्यवस्था देने 7 क्रेन मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। श्रद्धालुओं को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए तीन पाली में 90 गोताखोर तैनात किए गए हैं। प्रत्येक पाली में 30 गोताखोर कुंड स्थल पर मौजूद रहेंगे। विसर्जन स्थल पर पुलिस के जवान, अग्निशमन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम सेवा दे रही है।


फेस्टिवल धमाका
हर डील में
सबसे कम दाम का वादा
BIG SAVING UNLOCKED
10% कम GST का आनंद उठाएँ
0
ZERO BANA HERO
20% TO 79%
DISCOUNT
₹79
की डाउनपेमेंट पर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट घर ले जाएँ BAJAJ FINSERV
अमित में ही है फायदा
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
असत्य पर सत्य की जीत के महापर्व
विजयादशमी की शुभकामनाएं
VISIT & GET ₹1800 VOUCHER*
FINANCE WITH BAJAJ FINSERV GET 1 EMI OFF | CASHBACK UPTO ₹20,000*
Smart Android LED TV 43" ₹11,499/-* OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 50" ₹26,990/-* OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 55" ₹28,990/-* OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 65" ₹45,990/-* OFFER PRICE
LED TV 32" ₹6,490/-* Smart Android
4K SMART ANDROID LED TV
TAKE HOME AT JUST ₹79/-* DOWNPAYMENT
EMI STARTS FROM ₹999/-* PER MONTH
1 EMI OFF
SONY SAMSUNG LG
TAKE HOME RO
@JUST ₹79* DOWNPAYMENT
@JUST ₹61* PER DAY EMI
@JUST ₹888* MONTHLY EMI
@JUST ₹79* DOWNPAYMENT
Aquaguard DISCOUNT UP TO 50%
Aquaguard KENT LG AO Smith
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹46990/- EMI STARTS FROM ₹1888/-
FROST FREE REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹21990/- EMI STARTS FROM ₹1490/-
SINGLE DOOR DC REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹11990/- EMI STARTS FROM ₹999/-
TAKE HOME ANY ONE PRODUCT AT JUST ₹79/-* DOWNPAYMENT
SAMSUNG LG Whirlpool VOLTAS beko
20% To 50% OFF WATER GEYSER
KENSTAR HAVELLS VOLTAS AO Smith
3STAR 1.5 TON AC STARTING RANGE just ₹ 30,990/-*
22-40% OFF NEW MODEL 2025
VOLTAS TAKE HOME @JUST ₹63 PER DAY EMI
DAIKIN TAKE HOME @JUST ₹79 DOWN PAYMENT
SAMSUNG TAKE HOME @JUST ₹72 PER DAY EMI
GENERAL TAKE HOME @JUST ₹54 PER DAY EMI
LG TAKE HOME @JUST ₹99 PER DAY EMI
BLUE STAR TAKE HOME @JUST ₹79 DOWN PAYMENT
TOP LOAD FULLY AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool IFB VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹13990/-* EMI STARTS FROM ₹990/-*
TAKE HOME AT JUST ₹79 DOWNPAYMENT
FRONT LOAD FULLY AUTOMATIC WM
PRICE RANGE STARTS FROM ₹21990/- EMI STARTS FROM ₹990/-
LG Whirlpool IFB SAMSUNG VOLTAS beko
SEMI AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹7990/-* EMI STARTS FROM ₹888/-*
DEEP FREEZER
PRICE RANGE STARTS FROM ₹21990/-
EMI STARTS FROM ONLY ₹61/- PER DAY
VOLTAS BLUE STAR
बजाज फाइनेंस है तो चिंता किस बात की
1 EMI REFUND ON SELECTED BRAND
ALL BANK DEBIT CARD CREDIT CARD ACCEPTED
SPECIAL CASHBACK FOR EMI CARD CUSTOMERS
SMALL APPLIANCES
TAKE HOME ALL @ JUST ₹ 33 EMI PER DAY
Invoice Financing
UP TO 20-50% OFF*
₹0 DOWNPAYMENT
KUTCHINA
UP TO 20-40% OFF*
फर्नीचर पर 20-50% तक की छूट
100+ DINING SET RANGE 100+ CENTRE TABLE RANGE
NEW STOCK AVAILABLE
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV HDFC BANK AXIS BANK standard chartered SBI card citi Bank of Baroda FEDERAL BANK kotak
अमित सेल्स
संपर्क : 88199 00083
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
*OFFER ON SELECTED BRANDS *T&C APPLY
नियम व शर्तें लागू*
SONY SAMSUNG LG mi EUREKA FORBES KENT Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN BLUE STAR


LIFE ISN'T PERFECT BUT YOUR OUTFIT CAN BE
लक्ष्मी कलेक्शन ले आए हैं अभी तक का सबसे जबरदस्त कलेक्शन
आपके पूरे परिवार के लिए जो आपकी इस दिवाली को बनाए खास और यादगार......
LC LAXMI COLLECTIONS
Laxmi Collections
Kids Wear | Mens Wear | Girls /ladies Wear | Ethnic Wear | Sarees,
Lakhenagar Chowk, Raipur (C.G.) Call us : 8462946660, 9827163007
laxmicollectionsraipur